सुविचार

सितारों तक पहुँचने की इच्छा महत्वाकांक्षी है। दिलों तक पहुँचने की इच्छा बुद्धिमानी है।
- माया एंजेलो

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 133 ● मुंबई, शुक्रवार 10 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादक: पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क

खबर संक्षेप

सिंथेटिक मांझे के इस्तेमाल और बिक्री पर रोक, सुबह-शाम नहीं होगी पतंगबाजी जिला मजिस्ट्रेट ने जारी की निषेधाज्ञा

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। मकर संक्रांति पर नायलॉन या अन्य सिंथेटिक सामग्री से निर्मित मांझे का पतंगबाजी में उपयोग किए जाने से आमजन तथा पक्षियों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार पोसवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। जारी आदेश में कहा कि धातुओ के मिश्रण से निर्मित मांझे के उपयोग के दौरान दोपहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को अत्यधिक जान-माल का नुकसान होना संभाव्य है, साथ ही विद्युत सुचालक होने के कारण विद्युत तारों से सम्पर्क में आने पर विद्युत प्रवाह होने से पतंग उडाने वाले को भी नुकसान पहुंचना एवं विद्युत सप्लाई में बाधा उत्पन्न होना भी संभाव्य है। इस समस्या व खतरे के निवारण के लिए धातु निर्मित मांझा (पतंग उड़ाने के लिए पक्का धागा, नायलॉन/प्लास्टिक मांझा, चाईनीज मांझा जो सिंथेटिक/टोक्सीक मटेरियल यथा आयरन पाउडर, ग्लास पाउडर का बना हो) के उपयोग एवं विक्रय को निषेध किया जाता है।

बिहार विधान परिषद की कमेटी 12 को उदयपुर में

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति 12 जनवरी को उदयपुर आएगी। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति के सभापति सहित 13 सदस्य 12 जनवरी को रात 10 बजे रेल मार्ग से उदयपुर पहुंचेंगे। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में करेंगे। समिति 13 एवं 14 जनवरी को उदयपुर में स्थानीय भ्रमण कर बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण विषयक अध्ययन करेगी। इसके पश्चात 14 जनवरी को रेलमार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

श्रम मंत्रालय की सचिव उदयपुर में

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की सचिव श्रीमती सुमिता दावड़ा उदयपुर प्रवास पर हैं। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि श्रीमती दावड़ा 10 जनवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे कर्मचारी राज्य बीमा निगम के रिजनल और जोनल अधिकारियों की बैठक लेंगी।

अब होगा दूध का दूध-पानी का पानी

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. सरस डेयरी की ओर से दूध का दूध-पानी का पानी÷ शिविरों का शुभारंम्भ 10 जनवरी से होगा। दुग्ध संघ के अध्यक्ष डालचंद डांगी ने बताया कि आजकल बाजार मे मिलावट के मद्देनजर दूध उपभोक्ताओं को जागरूकता करने की दृष्टि से यह निःशुल्क जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि उपभोक्ता स्वयं दूध की गुणवत्ता का आंकलन कर शुद्ध दूध का ही उपभोग करें। उन्होंने बताया कि मलमास के समाप्त होने के साथ ही शादी-ब्याह का सीजन प्रारंभ हो जायेगा, जिससे बाजार मे दूध की मांग बढ़ेगी। उदयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने बताया कि यह निःशुल्क जांच हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जनवरी को सरस केबिन सेक्टर-13 आशीष वाटिका के सामने, 13 जनवरी को सरस एजेन्सी नाड़ाखाड़ा चौक, 17 को सरस बूथ, श्री बालाजी कृपा, देवाली फतेहपुरा, 21 को सरस बूथ, ईमली घाट दरगाह, पन्नाधाय मार्ग, 25 को सरस बूथ, देवेन्द्रधाम कार्नर, सेलिब्रेशन माल के सामने, 28 को सरस केबिन, ट्रेजर टाउन, मनोहरपुरा व 31 जनवरी को केन्द्रीय विद्यालय प्रताप नगर स्थित बूथ पर यह जांच अभियान चलाया जाएगा। यह शिविर प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक केम्प आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि केम्प के दौरान दूध का सेम्पल टेस्ट कराने वाले सभी उपभोक्ताओं को दूध की जांच के लिये सरस डेयरी की ओर से लैक्टोमीटर निःशुल्क दिया जायेगा, ताकि उपभोक्ता घर बैठे दूध की गुणवत्ता की जांच कर सके।

जीतो प्रीमियर लीग में पुरुष और महिला खिलाड़ी दिखा रहे हैं दमखम

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। फील्ड क्लब मैदान पर चल रही जीतो प्रीमियर लीग में महिला खिलाड़ी भी शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। जीतो उदयपुर चैप्टर द्वारा आयोजित सकल जैन समाज के इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 52 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें से 36 टीमें पुरुष वर्ग और 16 टीमें महिला वर्ग की हैं। जीतो के चेयरमैन यशवंत आंचलिया ने बताया कि टूर्नामेंट का तीसरा दिन भी बेहद रोमांचक रहा। लीग निदेशक नितुल चंडालिया ने जानकारी दी कि 16 महिला टीमें इस टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं। 176 महिलाएं घरेलू कार्यों के बाद समय निकालकर फील्ड क्लब में क्रिकेट खेल रही हैं और पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। इस अवसर पर श्याम नागौरी, राजकुमार फत्तावत, यशवंत आंचलिया, अभिषेक संचेती, नितुल चंडालिया, लोकेश कोठारी, अतुल चंडालिया, राजेंद्र जैन, प्रतीक हिगड़, लेडीज विंग की अध्यक्षा अंजलि सुराणा और यूथ विंग के अध्यक्ष दिव्यद दोशी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

मानव सेवा ही माधव सेवाः डॉ. सुकलेचा

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा उदयपुर एवं सनातन पाठशाला के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को समर्थ भारत पर्व के उपलक्ष में सुखाडिया विश्व विद्यालय के कला संकाय के सभागार में आयोजित व्याख्यान में डॉ सुकलेचा ने बताया कि स्वामी जी के अनुसार मानव सेवा ही माधव सेवा है अर्थात हमें जीते जागते भगवान जो हमारे आसपास हैं, हमारे घर में बुजुर्ग, हमारे माता-पिता भगवान का स्वरूप हैं ।उनकी सेवा छोड़कर हम पूजा स्थलों पर भगवान को ढूंढने और मन की शांति ढूंढने के लिए जाते हैं। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि गीता परिवार के गोपाल कनेरिया द्वारा प्रस्तुत प्रेरक गीत के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश पालीवाल ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में सफलता के सूत्र दिए। वैदिक पुरोहित और ध्यान प्रशिक्षक डॉ भूपेंद्र शर्मा ने वैदिक ध्यान का अभ्यास करवाया। नवनीत भट्ट ने धन्यवाद दिया। कला संकाय की प्राचार्या राजकुमारी अहीर ने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनने हेतु संकल्प दिलवाया। सर्व कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

गोरेगांव के ओबेरॉय इंटरनेशनल स्कूल में 11वीं की छात्रा ने आत्महत्या कर ली

● पदमावत मीडिया

मुंबई । एक चौंकाने वाली घटना में, गोरेगांव पूर्व में स्थित ओबेरॉय इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे 11वीं कक्षा की एक छात्रा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार छात्रा ने शौचालय में फांसी लगा ली और एडीआर (दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट) दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस ने कहा कि आत्महत्या के पीछे का कारण अनिश्चित है और वे मामले की जांच कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि छात्रा का मेडिकल उपचार चल रहा है। पुलिस ने यह भी बताया कि अभिभावकों या स्कूल की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि, वे घटना की जांच जारी रखे हुए हैं। स्कूल के प्रमुख पैट्रिक हर्वर्थ ने एक बयान जारी कर कहा, ÷मुझे बहुत दुख के साथ यह खबर साझा करनी पड़ रही है कि हमारे 11वीं कक्षा के एक छात्र की आज सुबह मृत्यु हो गई। मैं और अधिक विवरण साझा नहीं कर सकता, और मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप परिवार की गोपनीयता के प्रति सहानुभूति रखें और उसका सम्मान करें, क्योंकि वे इस त्रासदी से निपट रहे हैं। इस समय, आइए हम एक समुदाय के रूप में एक साथ आएं, शांत और सार्थक तरीकों से दया और समर्थन प्रदान करें। यह क्षति निश्चित रूप से कई भावनाओं को जगाएगी। उन्होंने आगे कहा, मैं जल्द ही एक और संदेश भेजूंगा, जिसमें आपके साथ संसाधन साझा किए जाएंगे ताकि आप घर पर अपनी बेटियों और बेटों का समर्थन कर सकें।÷ स्कूल ने कल से परिसर में काउंसलिंग सुविधा शुरू करने का भी वादा किया है। इसने अभिभावकों को एक विस्तृत सलाह भी भेजी है कि वे अपने बच्चों की भावनाओं को कैसे संभालें।

साइबर शील्ड अभियान के तहत थाना झल्लारा परिसर में सीएलजी मीटिंग कि आयोजन

● पदमावत मीडिया

संवाददाताः ईश्वर लाल सुथार

सलूम्बर । जिले के पुलिस थाना झल्लारा में गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव, पुलिस उप अधीक्षक वृत सलूंबर हेरंब जोशी के सुपरविजन में थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह वाघेला द्वारा एक विशेष मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें साइबर सुरक्षा संबंधित साइबर शील्ड अभियान चलाया जा रहा हे जिसकी जानकारी ओर जागरुकता से संबंधित मीटिंग का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में साइबर संबंधी होने वाले विभिन्न डिजिटल अपराधों की जानकारी, साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे तरीके जिनमें विशेष डिजिटल अरेस्ट, वीडियो कॉलिंग, सेक्सोर्टन, अनजान लिंक, गेमिंग ऐप, रुपए डबल करने का लालच देकर, लड़कियां एस्कॉर्ट करने जैसे तरीकों से आम जन को ठग लिया जाता हे। इससे बचाव के उपाय और सावधानी बरतने की सलाह दी गई। उक्त आयोजन में हमकदम (किशोरी एवं महिला सलाह एवम् सहयोग केंद्र) की संचालक हेमा, हेड कांस्टेबल ईश्वर कांस्टेबल हेमेंद्र सिंह (साइबर सेल कार्यालय जिला सलूंबर) एवं थाना झल्लारा सर्कल के सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षकों, सुरक्षा सखियों, की उपस्थिति रही।

मोडिफाइड और पावर बाइक के खिलाफ सख्ती एक दर्जन साइलेंसर खुलवाए, नियमों का पालना करने की हिदायत

● पदमावत मीडिया

डूंगरपुर । सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को विशेष अभियान चलाया। पुलिस ने एक दर्जन से ज्यादा मोडिफाइड बुलेट और पावर बाइक के साइलेंसर खुलवाए। वहीं, बाइक सवारों को नियमों की पालना करने की हिदायत दी गई। कोतवाली सीआई भगवानलाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहनधारियों में जागरूकता के साथ ही सख्ती भी बरती जा रही है। अभियान के तहत गुरुवार को शहर के प्रमुख चौराहे, बर्ड सेंचुरी और रिंग रोड पर मोडिफाइड गाड़ियों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने मोडिफाइड बाइक ओर बुलेट को रूकवाया। तेज आवाज वाले मोडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों से साइलेंसर खुलवाए गए। पुलिस ने अलग-अलग जगहों से एक दर्जन से ज्यादा साइलेंसर खुलवाए हैं। वहीं, कार्रवाई पर वाहन बचते हुए निकलने लगे। थानाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की सीख दी। वहीं, नियमों का लगातार उल्लंघन करने पर कार्रवाई भी की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि मोडिफाइड बाइक में तेज साइलेंसर लगाने से कई लोगों को असहनीय दर्द होता है। इसलिए तेज आवाज वाले साइलेंसर नहीं लगाएं। वहीं, गाड़ी में बेवजह की मोडिफाई करने से भी बचें।

जयपुर में चोर के घर दोस्त ने की थी चोरी लॉक तोड़ चुराया 15 लाख का सामान, डीजे की शॉप खोलना चाहता था

● पदमावत मीडिया

जयपुर । जिले में एक चोर के घर उसके दोस्त ने ही चोरी कर ली। मकान का लॉक तोड़कर 15 लाख रुपए कीमत का डीजे का सामान चुरा लिया। आरोपी डीजे की दुकान खोलना चाहता था। इसलिए रेकी के बाद साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। हरमाड़ा थाना पुलिस ने मामले में दोनों आरोपी चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल व वारदात में यूज पिकअप को जब्त किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के साथ ही पीड़ित से भी डीजे सामान की खरीदारी की जानकारी जुटा रही है। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार बुडानिया ने बताया- चोरी के मामले में आरोपी प्रकाश चन्द मीणा (36) पुत्र भनोखर भहतुकला अलवर और विक्रम सिंह मीणा (37) पुत्र जौहरी लाल मीणा निवासी खैरली कठुमर अलवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने चोरी के बाद वारदातस्थल के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। करीब 30-40 कैमरों को खंगालकर रूट चार्ज तैयार किया गया। पीछा करते हुए पुलिस ने अलवर में दबिश देकर दोनों बदमाशों को अरेस्ट किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए डीजे का सामान (कीमत 15 लाख रुपए) जब्त कर लिया। पुलिस ने वारदात में यूज पिकअप व लोहे की दो रॉड बरामद की है।

दो आरोपी गिरफ्तार, गाड़ी जब्त; आसपुर पुलिस की कार्रवाई

41 पेटी पंजाब निर्मित अवैध शराब पकड़ी

● पदमावत मीडिया

डूंगरपुर । जिले की आसपुर पुलिस थाना ने गोल चौराहे पर नाकेबंदी के दौरान एक कार से 41 पेटी पंजाब निर्मित अवैध शराब जब्त कर कार समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शराब गुजरात ले जाई जा रही थी। थानाधिकारी तेज सिंह ने बताया कि सुबह पुलिस गोल चौराहे पर एएसआई गजेंद्र सिंह राव, राजेंद्र सिंह, गणपत दान एवं रिपुदमन सिंह द्वारा नाकाबंदी की जा रही थीं। तब उदयपुर की तरफ से तेज गति से एक कार आती हुई दिखाई दी। तब इसे रुकने का इशारा किया। गाड़ी के अंदर कुछ काले कपड़े से ढका हुआ था। ड्राइवर से पूछा की काले कपड़े से क्या ढका हुआ है। जब उसने जवाब नहीं दिया तो काला कपड़ा उठाकर देखा तो अंदर शराब की पेटियां मिली। शराब परिवहन को लेकर कागज मांगे गए तो नहीं होना बताया। जिस पर गाड़ी को थाने ले जाकर कर पेटियां गिनवाई तो 41 पेटी शराब पंजाब निर्मित था। आरोपी महेंद्र सिंह और शंभू सिंह को गिरफ्तार कर कार को जब्त कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है कि यह शराब कहां से भरी गई है और कहा सप्लाई की जानी थीं।

विकसित भारत एवं स्वच्छ भारत विषयक कार्यशाला आज

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रदेश रिसोर्स पर्सन गुप्ता का होगा व्याख्यान

● पदमावत मीडिया

सलूंबर । पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला सलूंबर द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज 10 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 11ः00 बजे किया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी कुशाग्र जैन ने बताया कि कार्यशाला को राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वारा मनोनीत रिसोर्स पर्सन और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा। कार्यशाला में विषय विकसित भारत एवं स्वच्छ भारत तथा विकसित भारत अभियान वर्ष 1947 से 2047 तक रहेगा। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत टोड़ा में बैठक लेंगे तत्पश्चात देवगांव तालाब का निरीक्षण करेंगे।

निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी ने की हाथी भाटा स्थित पावर हाउस में जनसुनवाई

● पदमावत मीडिया

अजमेर। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के हाथीभाटा स्थित पावर हाउस में निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान लाइन शिफ्टिंग, नए कनेक्शन जारी करने, वीसीआर, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग तथा ऑडिट चार्जेज के कुल 18 प्रकरण जनसुनवाई में सामने आए। इन प्रकरणों में से 11 प्रकरण टाटा पावर से संबंधित थे। जनसुनवाई के दौरान परिवादी चंद्रालाल निवासी श्रीनगर ने निदेशक तकनीकी के समक्ष अपनी परिवेदना बताई। उन्होंने कहा की दिनांक 13 जून को मेरे निजी प्लॉट पर मेरे विरोध के बावजूद डिस्कॉम द्वारा ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। इसके लिए नसीराबाद कार्यालय में कई बार ट्रांसफार्मर हटाने के लिए कहा तो मुझे डिमांड नोट दे दिया गया, जबकि यह गलती परिवादी की है ही नही। इस पर निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी ने सहायक अभियंता को फोन पर फटकार लगाई तथा इस प्रकरण के जांच के आदेश दिए। इसी तरह सेवानिवृत्त कर्मचारी दिलीप कुमार शर्मा ने निदेशक तकनीकी के समक्ष गुहार लगाई की उनका मेडिकल बिल का भगतान पेंडिंग चल रहा है। इस पर निदेशक तकनीकी ने उन्हें बताया कि उनका प्रकरण पहल ही जयपुर भेजा जा चुका है, जैसे ही जयपुर से सैंक्शन आ जायेगी तब अविलंब आपको भुगतान कर दिया जाएगा। निदेशक तकनीकी मुकेश चंद बाल्दी ने जनसुनवाई में प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को 7 दिन के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए गए।

इस दौरान अधीक्षण अभियंता अजमेर दिनेश सिंह, जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी, टाटा पावर से चीफ ऑपरेशन्स पल्लव जैन तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह जनसुनवाई अजमेर विद्युत वितरण निगम के उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए आयोजित की गई थी। निदेशक तकनीकी श्री मुकेश चंद बाल्दी ने कहा कि निगम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है और इस जनसुनवाई के माध्यम से हम उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

अटल जन सेवा शिविर में निर्धारित टाइम लाइन में प्रकरणों के निस्तारण करना सुनिश्चित करें : अतिरिक्त जिला कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

सलूंबर । राज्य सरकार के निर्देशानुसार सराडा पंचायत समिति के वीसी सभागार में गुरुवार को अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत की अध्यक्षता में हुए शिविर में परिवादियों की परिवदनाओं को सुना गया। शिविर में विभिन्न विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित टाईमलाईन में परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण की दिशा में यह शिविर एक अनूठा कदम है और राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए । इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा अधिकतम प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करवाया गया। साथ ही अन्य शेष प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिले की पंचायत समितियों में अटल जन सेवा शिविर हुए आयोजित लसाडिया में जिला कलेक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

पीडितों की समस्याओं का शीघ्रता से करें निराकरण: जिला कलेक्टर

● पदमावत मीडिया

सलूंबर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशन में अब प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को पंचायत समिति स्तर पर ''अटल जन सेवा शिविर'' आयोजित किए जा रहे हैं। सलूंबर जिले के सभी ब्लॉक कार्यालयों में शिविर आयोजित हुए। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने लसाडिया के पंचायत समिति सभागार में जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाएं सुनते हुए मौके पर ही अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने परिवादियों

को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और सुझावों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएंगी। जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को ब्लॉक में जाकर नियमित निरीक्षण करने और आमजन से रूबरू होने के निर्देश दिए। अटल जन सेवा शिविर के दौरान जिला कलक्टर ने उपस्थित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे अटल जन सेवा शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं की गहनता से सुनवाई कर उनका त्वरित निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाले आमजन की प्रत्येक समस्या की अच्छे से जांच करें और उसके त्वरित निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास करें। यदि समस्या का तुरंत समाधान संभव न हो तो उसके निस्तारण में लगने वाले समय से परिवादी को अवश्य अवगत कराएं। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में पीडितों की समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में परिवादियों से परिवाद/शिकायत के आवेदन पत्र लिए जाकर प्राप्ति रसीद दी गई।

सार समाचार

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी आज से उदयपुर दौरे पर

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी 10 जनवरी से उदयपुर के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगीं। विशिष्ट सहायक ललित कुमार द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री 10 जनवरी को शाम 4.30 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगीं। वहां से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर शाम 5.15 बजे उदयपुर मुख्यालय पहुंचेंगीं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी 11 एवं 12 जनवरी को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चिंतन शिविर में भाग लेंगी। वे 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे डबोक एयरपोर्ट से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

70 हजार की रियवत लेते पकड़े जाने के बाद ठहाके लगाते दिखा सरपंच, वीडीओ के छूटे पसीने...

● पदमावत मीडिया

चित्तौड़गढ़ । जिले में एसीबी की टीम ने एक सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी को 70 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है. लेकिन आश्चर्य की बात यह कि गिरफ्तारी के बाद भी सरपंच के माथे पर शिकन नहीं दिख रहा था. गिरफ्तारी के बाद ग्राम पंचायत सरपंच ठहाके लगाते दिख रहे थे। दरअसल, चित्तौड़गढ़ के सहनवा ग्राम के सरपंच भेरू लाल सुथार और ग्राम विकास अधिकारी दीपक चतुर्वेदी को 70 हजार की रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

अलवर कोर्ट में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, राजस्व कर्मी 1.5 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

अलवर । जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने राजस्व विभाग के अधिकारी को 1.5 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. अब गिरफ्तार कर्मचारी से पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अलवर राजस्व अपील अधिकारी के बाबू जितेंद्र मीणा को डेढ़ लाख की रिश्वत के साथ एसीबी ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है. अलवर कोर्ट परिसर में स्थित रजब अपील अधिकारी के बाबू को कोर्ट गेट पर एसीबी ने घूस लेते गिरफ्तार किया है।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 जनवरी को

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। नवनियुक्त राजकीय कर्मचारियों के अभिनंदन के लिए जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 12 जनवरी को नगर निगम परिसर स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित होगा। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद- विधायकगण सहित सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री चिन्हित नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए सफल आयोजन के लिए निर्देशित किया है।

जिला कलेक्टर ने अटल जन सेवा शिविर के तहत अरनोद में की जनसुनवाई

● पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़ । राज्य सरकार के निर्देशानुसार पारदर्शी एवं संवेदनशील सुशासन हेतु आमजन की परिवेदनाओं/समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए दिशा-निर्देश जारी किए है। इसी क्रम में अटल जन सेवा शिविर के तहत अरनोद में आयोजित जनसुनवाई में जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया पहुंचे। जिला कलेक्टर ने आमजन की समस्याओं को सुनकर, समस्याओं के त्वरित रूप से निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर का प्रमुख आकर्षण

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । विज्ञान की प्रगति से अब तक रोबोट भांति-भांति के काम करते नज़र आ रहे थे, इसी श्रृंखला में आपके सपनों का आशियाना बनाने का सपना अब 'ऐसा आपके लिए' कंपनी की रोबोटिक थ्रीडी डिज़ाइन मशीन के माध्यम से साकार होता दिख रहा है।

साहित्यिक अध्ययन और प्रौद्योगिकी- एक आधुनिक चुनौती विषय पर बीएन विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा अंग्रेजी साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने अंग्रेजी अध्ययन विभाग के संकाय सदस्य डॉ. जयश्री सिंह, डॉ. माधवी राठौड़, डॉ. अपर्णा शर्मा और डॉ. मनीषा शेखावत अंग्रेजी भाषा बोलने की गतिविधियों और पढ़ने के साहित्य क्लब का आकलन करने के लिए उपस्थित थे, विभाग के क्लब ने वर्तमान समय में - प्रौद्योगिकी आधुनिक चुनौती है विषय पर संगोष्ठी आयोजित की। भाषण प्रतियोगिता का निर्णय बी.एन. पब्लिक स्कूल, उदयपुर की प्रिंसिपल डॉ. सीमा नरूका और टेक-सेवी कानूनी विशेषज्ञ सुश्री ऐश्वर्या सिंह और लेक्चरर ओ.पी. जिंदल स्कूल, जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान संकाय की डीन डॉ. रेनू राठौड़ ने की और विशिष्ट अतिथि बी.एन.विश्वविद्यालय के पूर्व कैरियर और रोजगार अवसर-प्रभारी-अधिकारी कर्नल मनोहर सिंह राठौड़ थे। बीएनयू के साइंस कॉलेज के विभिन्न विषयों के छात्रों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और अंग्रेजी के स्नातकोत्तर छात्रों ने रीडिंग और सेमिनार में नई एनईपी 2020 की आवश्यकताओं के अनुसार मौखिक-प्रस्तुति दी। तान्या राठौड़, हनी राठौड़, दिशवित टेलर, हर्षवर्द्धन सिंह चौहान, भाविका और युगांशी चौधरी ने स्थान हासिल किया। यह आयोजन साहित्यिक और शैक्षणिक लेखन और बोलने के उद्देश्य के लिए पढ़ने के कौशल को प्रोत्साहित करने के अलावा, रोजगार के उद्देश्य से संचार और कौशल संवर्धन में क्षमता वृद्धि की कसौटी को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी दीपांक अहारी एवं कमला ने किया।

आरएएस/आरटीएस संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023

मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑनलाइन भरना होगा विस्तृत आवेदन-पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम

● पदमावत मीडिया

अजमेर। आर.ए.एस/आर.टी.एस. संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के दिनांक 02 जनवरी 2025 को घोषित मुख्य परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन-पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाइन भरने होंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं आयोग सचिव ने बताया कि विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के उपरांत ही साक्षात्कार में प्रवेश दिया जावेगा। अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरने के संबंध में जारी किए दिशा-निर्देशों की पालना करना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें। उक्त परीक्षा के अन्तर्गत आयोग की वेबसाईट पर राज्य एवं अधीनस्थ सेवाओं का सेवावार पदक्रम जारी किया गया है। मुख्य परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल में मॉय रिक्रूटमेंट सेक्शन के अन्तर्गत डिटेल्ड फार्म कम स्क्रूटनी लिंक को क्लिक कर विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम अनिवार्य रूप से ऑनलाईन भरें। आयोग द्वारा ऑफलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार नहीं किये जायेंगे। विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के लिए उक्त लिंक केवल दिनांक 11 जनवरी 2025 से 17 जनवरी 2025 की रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगा, इसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जायेगा।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की निष्पादक समिति की नौवी बैठक संपन्न

● पदमावत मीडिया

जयपुर। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की निष्पादक समिति की नौवी बैठक शिक्षा संकुल सभागार में गुरुवार को आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग के शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल ने की। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अविचल चतुर्वेदी द्वारा पिछली आठवी निष्पादक की बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक में 9वी बैठक के प्रस्तावित एजेंडा पर बिंदूवार विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सीकर एवं झुंझुनूं जिले द्वारा ट्रांसपोर्ट वाउचर संबंधी नवाचार के अंतर्गत बस द्वारा बच्चों को लाने ले जाने की व्यवस्था की सराहना की गई।

इसी प्रकार आदिवासी क्षेत्र के जिलों में विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा उपलब्ध करवाने की रूपरेखा तैयार करने, भारत सरकार के कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध प्रशिक्षण मॉड्यूल से शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित करने, कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा से जोड़कर रोजगार उपलब्ध करवाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के भोजन करने हेतु किचन मय डायनिंग हॉल की स्थापना, होलेस्टिक रिपोर्ट कार्ड के मुद्रण एवं वितरण और ब्रेल बुक्स के व्यय का अनुमोदन किया गया। शिक्षा सचिव ने विद्यार्थियों को वितरित कौशल सामग्री की उपयोगिता सुनिश्चित करने और वर्कबुक को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया।

लेकेसिटी में चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की राष्ट्रीय कान्फ्रेंस-विद्योदय कल से

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान, उदयपुर की ओर से 11-12 जनवरी 2025 को चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स का आयोजन शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित ओकेजन गार्डन एवं बैंक्वेट में आयोजित होगी, जिसमें देशभर के प्रबुद्ध सीए भाग लेगें। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक़ जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सींएमपी अध्यक्ष - सीए रोहित रूवाटीया, भारतीय सीए संस्थान के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए अनिकेत तलाटी, सीआईआरसी अध्यक्ष- सीए आकाश बरगोटी उदयपुर पहुँचेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों में उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक़ जैन, उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी, कांफ्रेंस डायरेक्टर सीए योगेश चन्द्र पोखरना, कांफ्रेंस कन्वेनर सीए अभिषेक संचेती, सेक्रेटरी- सीए प्रतिभा जैन, कांफ्रेंस सेक्रेटरी सीए हितेश भदादा, कांफ्रेंस को-कन्वेनर सीए चिराग़ धर्मावत और सीए शैलेन्द्र कुणावत आदि मौजूद रहे।कांफ्रेंस कन्वेनर सीए अभिषेक संचेती ने बातया कि दो दिवसीय कान्फ्रेन्स में छ सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा होगीढ्ढ पहले दिन के पहले सत्र में सीए अनिकेत तलाटी एस्स्युरंस स्टैंडर्ड्स फॉर सर्टिफिकेशन एंड ऑडिट पर, दूसरे सत्र में सीए असीम त्रिवेदी कैजुअल प्रैक्टिस के दुष्प्रभाव पर एवं तीसरे सत्र में सीए बिमल जैन जीएसटी में सर्च, सीज़र और अरेस्ट विषय पर चर्चा करेंगे। उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी ने बताया कि शाम को पारिवारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिवा डांस ट्रूप दिल्ली एवं अशोक गंधर्व बैंड दिल्ली रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। मीडिया प्रभारी सीए सौरभ गोलछा ने बताया दुसरे दिन के पहले सत्र में डॉ. पूज्य ज्ञानवत्सल स्वामी जी आर्गेनाइजेशनल डायनामिक्स- ह्यूमन फैक्टर पर, दुसरे सत्र में सीए मिलीन मेहता डिस्क्लोसर ऑफ़ फॉरेन एसेट्स और ब्लैक मनी पर और अंतिम सत्र में सीए डॉ गिरीश आहूजा इनकम टैक्स में कैपिटल गेन विषय पर चर्चा करेंगे।

कांफ्रेंस के टाइटल स्पान्सर वंडर सीमेंट लिमिटेड और प्लैटिनम स्पान्सर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड है। पेसिफिक मेडिकल हेल्थ पार्टनर है। इसके अलावा मिराज ग्रुप, आरएसमम, गेटवे इंटरनेशनल, सुवित, एसबीआई, सीडबी, कैनरा, पीएनबी बैंक,सिक्योर मीटर्स, पायरोटेक आदि का पूर्ण सहयोग मिला है।

मनरेगा मेटों की कार्यशाला आयोजित

● पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़। पंचायत समिति प्रतापगढ़ के सभागार में मनरेगा मेटों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंचायत समिति प्रतापगढ़ एवं फाउंडेशन फ़ॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के तत्वावधान में महानरेगा योजनान्तर्गत अधीनस्थ 12 ग्राम पंचायतों के लगभग 65 मेटों ने भाग लिया। कार्यशाला में नरेगा से संबंधित मनरेगा का परिचय, उद्देश्य, एवं विशेषताएं, मेटों का परिचय, मेटों की भूमिका, एवं उनका महत्व, मनरेगा के कार्यो का सूचीबद्ध विवरण एवं महत्व, जमीनी परतों के आधार पर एवं बीएसआर के आधार पर काम का आवंटन, किए गए कार्य की नपती एवं मूल्यांकन, मस्टरोल को भरने का तरीका, एवं उनके रखरखाव का तरीका। कार्यशाला में एनएमएमएस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यशाला के माध्यम से पूरा काम पूरा दाम पर विशेष ध्यान दिया गया क्योंकि मनरेगा के माध्यम से आमदनी के साथ साथ स्थाई परिसंपत्तियों के बारे में भी बताया गया।

डांगी समाज की प्रतियोगिता को लेकर तैयारिया जोरो शोरो से शुरू

मुख्यमंत्री के आगमन पर युवाओं में जोश, उठाया बीड़ा

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। डांगी समाज 37वीं खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारिया जोरो शोरो से शुरू हो गई है । कार्यक्रम में 14 जनवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन को लेकर डांगी समाज के युवाओं ने भी जिम्मेदारी का बेड़ा उठाया है। डांगी समाज के युवा अपने स्तर पर खेल मैदान की साफ साफ सफाई और आयोजन को भव्य बनाने में जुट गए हैं । गुरुवार को युवा खेल संघ के सचिव रमेश पटेल, जिला परिषद सदस्य शंकर लाल डांगी, दूदाराम डांगी, नारायण डांगी, गणेश डांगी सुरेश शेरावत, गेहरी लाल डांगी के नेतृत्व में अपने जेसीबी लेकर मौका स्थल पर साफ सफाई करने का कार्य चालू किया है ।युवाओं में भजन लाल शर्मा के आगमन को लेकर हर्ष की लहर है इसलिए समाज ने अपने स्तर पर बीड़ा उठाया है। खेल मैदान की साफ सफाई एवं पार्किंग स्थल को लेकर सभी जुट गए है । आयोजन समिति के सदस्य गेहरी लाल डांगी ने बताया कि सभा में सलूंबर प्रतापगढ़ बांसवाड़ा क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम में जुटेंगे। खेल संघ सचिव रमेश डागी ने बताया कि आयोजन को लेकर आसपास के गांव में युवाओं में भी काफी जोश है । घर-घर पत्रक बांटे कर कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया जा रहा है। युवा अजय पटेल, अनिल डांगी ,प्रकाश डांगी गणेश डांगी, दिनेश डांगी, प्रभु लाल डांगी ,ताराचंद डांगी, मोहन डांगी, गणेश लाल डांगी, उपाध्यक्ष केशु लाल डांगी सहित कई पदाधिकारी और युवा मौजूद थे।

उदयश्याम मंदिर मुद्दे ने लिया नया मोड़, जल्दबाजी में डाली गई आरसीसी छत, देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। उदयपुर के ऐतिहासिक उदयश्याम मंदिर से जुड़े विवाद ने गुरुवार को एक नया मोड़ ले लिया, जब देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जतीन गाँधी को तीन संगठनों द्वारा तस्वीरों और विस्तृत पत्र के साथ काम रोकने का अनुरोध किया गया, लेकिन इसके बावजूद मंदिर में आरसीसी छत डालने का कार्य गुरुवार को जल्दबाजी में पूरा कर लिया गया। पर्यटन से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओं, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने इस मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। यह पूछा जा रहा है कि समय पर सूचना और तस्वीरें पहुंचने के बाद भी देवस्थान विभाग ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? जल्दबाजी में इस कंक्रीट छत को डालने की अनुमति किसके इशारे पर दी गई? कौन इन अनियमितताओं से

लाभान्वित हो रहा है, और इसके पीछे व्यक्तिगत रुचि लेने वाला कौन है इस पूरे मामले को लेकर बीसीआई टूरिज्म के चार्टर प्रेसिडेंट यशवर्धन राणावत और बीसीआई अध्यक्ष विप्लव कुमार जैन ने व्यक्तिगत रूप से देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जतीन गाँधी से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें पत्र और चर्चा के माध्यम से सभी तथ्य प्रस्तुत किए, लेकिन सहायक आयुक्त ने हितधारकों की बातों को नजरअंदाज करते हुए काम को रुकवाने के लिए कोई जरूरी कदम नहीं उठाया। इससे चिंतित होकर हितधारकों ने देवस्थान आयुक्त वासुदेव मालावत से उनके कार्यालय में मुलाकात की और पूरे मामले की गंभीरता से जानकारी दी। वासुदेव मालावत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की और काम को तत्काल रोकने के निर्देश दिए। अब उम्मीद है कि झील किनारे बनाए जा रहे अनियमित रसोईघर के निर्माण को रोका जाएगा और गर्भगृह के पास बनाए गए असंगत शौचालय को भी पूरी तरह से हटाया जाएगा। इस बैठक में बीसीआई टूरिज्म के चार्टर अध्यक्ष और होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत, होटल एसोसिएशन उदयपुर के पूर्व अध्यक्ष विश्वविजय सिंह और भूपेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। परंपरा और पर्यटन से जुड़े संगठनों का पूर्ण समर्थन इस मुद्दे पर देखा गया है। बिज़नेस सर्किल इंडिया टूरिज्म, होटल एसोसिएशन उदयपुर और मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान ने इस मुद्दे पर अपना पूर्ण समर्थन दिया है। इन संगठनों के सदस्यों का कहना है कि वे भगवान श्रीकृष्ण के भक्त हैं और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर, पर्यटन और सनातन संस्कृति के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। जिस कार्य से मंदिर की वास्तुकला, वायुमंडल और सनातन संस्कृति को हानि पहुँचती है ऐसा कोई कार्य कतई नहीं होना चाहिए । उदयश्याम मंदिर मामले में यह पहल न केवल पर्यटन और संस्कृति से जुड़े लोगों के प्रयासों को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि अगर समय पर सही कदम उठाए जाएं, तो ऐतिहासिक धरोहरों को बचाया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।